दिनांकः 10.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात को देखते हुए, केन्द्र सरकार ने देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम–एसमा 1955 लागू कर दिया है। समुचित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के उद्देश्य से ये निर्णय लिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। एसमा लागू करते हुए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता और वितरण की प्राथमिकता तय की गई है। इसके साथ ही सरकार ने तेल रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष की 28 फरवरी से हुई शुरूआत के बाद से अब तक 67 हजार से अधिक भारतीयों की सुरक्षित स्वेदश वापसी हुई है। वाणिज्य दूतावास, पासपोर्ट और वीजा तथा प्रवासी भारतीय मामलों की सचिव श्रीप्रिया रंगनाथन ने ये जानकारी दी। उन्होंने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। सचिव ने इस क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया।

प्रदेश में राजफैड की ओर से रबी 2026 के तहत सरसों और चने की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद जल्द शुरू की जा रही है। इसके लिए राजफैड के कोटा, अजमेर, भरतपुर और श्रीगंगानगर क्षेत्रीय कार्यालयों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 15 मार्च से शुरू होंगे। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कल जयपुर में बताया कि खरीद 25 मार्च से शुरू होगी।

उन्होंने बताया कि बाकी चार क्षेत्रीय कार्यालयों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और बीकानेर में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू होगी। इन केन्द्रों पर 1 अप्रेल से खरीद की जाएगी। श्री दक ने बताया कि सरसों का समर्थन मूल्य 6 हजार 200 रुपये प्रति क्विंटल और चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। राज्य में 13 लाख 78 हजार मीट्रिक टन सरसों और 5 लाख 53 हजार मीट्रिक टन चना खरीद की सीमा निर्धारित की गई है।

राजस्थान दिवस इस बार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में 15 से 19 मार्च तक राजस्थान दिवस समारोह आयोजित होगा। इस दौरान जनजातीय गौरव दिवस, युवा शक्ति दिवस, विकसित राजस्थान रन, प्रश्नोत्तरी और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कल राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जयपुर में बैठक की। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह 19 मार्च को जालौर में होगा। राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ सभी जिलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

राज्य में गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने आज जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और झुंझुनूं जिलों के लिए हीटवेव का अलर्ट बताया है। इस बीच, पिछले दो–तीन दिनों से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसा–पास मापा जा रहा है।

28 स्थानों पर अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। राज्य में अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 9 डिग्री ज्यादा बने हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह प्रदेश के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है।

शीतलाष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगा। इससे पहले, आज परम्परा के अनुसार रांधा पुआ मनाया जा रहा है। इस दौरान घर–घर में शीतला माता को अर्पित करने के लिए पकवान बनाए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर आज भी शीतला माता की पूजा की गई। माता को एक दिन पहले बने ठंडे भोजन का भोग

लगाया जाता है। इस पर्व को बास्योड़ा भी कहा जाता है। जालौर जिले में आज कई स्थानों पर शीतला माता मंदिर में मेले लगे हैं। सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं अलग–अलग दलों की ओर से गेर नृत्य का प्रदर्शन किया जा रहा है। जोधपुर के कागा स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में आज शाम से नौ दिवसीय मेला भरेगा। इधर, जयपुर के चाकसू स्थित शील की डूंगरी में कल शीतला माता का पारम्परिक मेला भरेगा।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ का आज स्थापना दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने सीआईएसएफ को स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सीआईएसएफ देशभर में बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।